संख्या-1/2024/1004/52-3-2024-3/1/2021

प्रेषक,

अनिल कुमार यादव,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण उ०प्र०,
लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 25-09-2024

विषयः-वित्तीय वर्ष 2024-25 में रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद कार्यालय अधिष्ठान के विभिन्न मदों में प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष अवशेष वित्तीय स्वीकृतियों निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2288/अ0सं0क0नि0-13/लेखा/बजट-प्रा0/2024-25, दिनांक-16.08.2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद के अधिष्ठान मद में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रावधानित धनराशि रू0 129.04 के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 86.01 लाख (रू0 छियासी लाख एक हजार मात्र) आवंटित करने का अनुरोध किया गया है।

2- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 के प्रस्तर-2(5) में निहित व्यवस्था के अनुसार रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद के कार्यालय अधिष्ठान मद हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रावधानित धनराशि रू0 129.04 के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 86.01 लाख (रू0 छियासी लाख एक हजार मात्र) का विवरण निम्नवत है:-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र०	मद का नाम	वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राविधानित धनराशि	पूर्व में आवंटित धनराशि	वित्तीय वर्ष 2024-25 में अद्यतन कुल व्यय	आगामी माहों के स्वीकृति हेतु प्रस्तावित धनराशि

1	01- वेतन	40.00	13.33	13.96	26.67
2	02- मजदूरी	0.20	0.07	0.00	0.13
3	03- महगाई भत्ता	22.00	7.33	6.98	14.67
4	04- यात्रा व्यय	2.00	0.67	0.00	1.33
5	06- अन्य भत्ते	2.00	0.67	0.00	1.33
6	07- मानदेय	8.04	2.68	1.60	5.36
7	08- कार्यालय व्यय	5.00	1.67	0.00	3.33
8	11-लेखन सामग्री	1.00	0.33	0.00	0.67
9	12- कार्यालय फर्नीचर	5.00	1.67	0.00	3.33
10	13- टेलीफोन पर व्यय	0.60	0.20	0.00	0.40
11	15- गाडियो का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	2.00	0.67	0.00	1.33
12	16-व्यावसायिक तथा विशेष	8.00	2.67	1.00	5.33
13	18- प्रकाशन	2.00	0.67	0.00	1.33
14	42- अन्य व्यय	7.00	2.33	0.00	4.67
15	45- अवकाश यात्रा व्यय	0.20	0.07	0.00	0.13
16	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफटवेयर का क्रय	0.50	0.17	0.00	0.33
17	47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबधी स्टेशनरी का क्रय	7.00	2.33	0.00	4.67
18	49- चिकित्सा व्यय	1.00	0.33	0.00	0.67
19	51- वर्दी व्यय	0.50	0.17	0.00	0.33
20	55- मकान किराया भत्ता	15 .00	5.00	1.87	10.00
	योग-	129.04	43.03	25.41	86.01

3- इस सम्बन्ध में हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त वित्तीय स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में रजिस्ट्रार/निरीक्षक, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद के कार्यालय अधिष्ठान हेतु प्रावधानित धनराशि रू0 129.04 लाख सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 86.01 लाख स्वीकृत करते हुये निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

1- कोषागार से धनराशि का आहरण मासिक आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा तथा धनराशि को आहरित कर बैंक/डाक घर में जमा नहीं किया जायेगा।

2- वेतन हेतु स्वीकृत धनराशि से केवल शासन द्वारा अनुमोदित पदों के वेतन आदि का ही भुगतान किया जायेगा। किसी भी दशा में उक्त धनराशि से किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नहीं किया जायेगा।

3- उक्त मदों पर होने वाला व्यय इस संबंध में समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी किये गये मितव्ययिता संबंधी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये किया जायेगा।

4- उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि का विवरण/उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जायेगा।

5- धनराशि का आवंटन (एलॉटमेन्ट मात्र) किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

6- एतद्विषयक वित्त (आय व्ययक) अनु0-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में उल्लिखित शर्तों का अनिवार्यत: अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का होगा।

4- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक ''2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-001-निदेशन तथा प्रशासन-06-रजिस्ट्रार/निरीक्षक, अरबी फारसी मदरसा उ0प्र0 प्रयागराज'' के नामे डाला जाएगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2024/बी-1-294/दस- 2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में निहित प्रावधानों के अधीन निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,

(अनिल कुमार यादव)

उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ०प्र०, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ०प्र०, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. निजी सचिव, मा राज्य मंत्री जी, अल्पसंयक कल्याण विभाग,उ0प्र0।
5. कोपाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
6. रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, 704, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. वित्त (ई-4) अनुभाग/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1(02 प्रतियों में)/ नियोजन अनुभाग-3
8. अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार यादव)

उप सचिव।